**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-13 का उत्तरालेख्य**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| **(क**) | क्या पंचायती राज मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकासखण्ड-खैराबाद की ग्राम सभा-अकोइया के ग्राम-अकोइया में स्थित अम्बेडकर पार्क में बाउण्ड्री न होने से आवारा, छुटटा जानवर पार्क में गंदगी फैलाते हैं और पेंड़ पौधों को नष्ट कर देते हैं, जिससे पार्क को सुव्यवस्थित रखना मुश्किल हो रहा है **?** | जी हां**,** |
| **(ख)** | यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु पार्क में बाउण्ड्री का निर्माण करायेंगे ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं**,** तो क्यों **?** | अम्बेडकर पार्क में 160 मी0 लम्बी बाउन्ड्री बनेगी, इसके निर्माण लगभग 9.50 लाख की धनराशि व्यय होगी। ग्राम पंचायत अकोइया को वित्तीय वर्ष-2024-25 में पंचम वित्त आयोग एवं 15वें वित्त आयोग की अनटाईड ग्रान्ट में लगभग 11.50 लाख रूपये प्राप्ति की सम्भावना है। इसमें से पंचायत सहायक मानेदय, ग्राम प्रधान मानदेय, सामुदायिक शौचालय केयर टेकर पारिश्रमिक एवं सामाग्री तथा अस्थाई तथा गौ-आश्रय में गोपामऊ पारिश्रमिक गैप की प्रतिपूर्ति हेतु रू0-2,72,800/- का प्रतिवर्ष सम्भावित व्यय है। उपर्युक्त व्यय के उपरान्त वर्ष 2024-25 में अवशेष रहने वाली धनराशि लगभग 8.70 होगी जो कि उपर्युक्त लागत धनराशि से कम है। इसके अतिरिक्त इसी अवशेष में से ग्राम पंचायत में स्थित सरकारी भवनों एवं अन्य परिसम्पत्तियों के अनुश्रवण तथा नाली, खड़ण्जा, पेयजल एवं प्रकाश, वृक्षारोपण आदि मूलभूत आवश्यकताओं पर भी धनराशि का व्यय किया जाता है। अत: धनाभाव के कारण ग्राम पंचायत द्वारा अम्बेडकर पार्क की बाउन्ड्री का निर्माण कराया जाना सम्भव नहीं है। |

**(ओम प्रकाश राजभर)**
मंत्री**,**
पंचायती राज विभाग।